# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई -पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-303 | सागवाड़ा,सोमवार,25 जुलाई, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)





## जनजाति गौरव यात्रा का बेणेश्वर में हुआ स्वागत




**डूंगरपुर ।** देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के निर्वाचन पर अभिनंदन ज्ञापित करने के लिए प्रदेश भाजपा की ओर से जनजाति अंचल वागड़ में जनजाति गौरव यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया की उपस्थिति में कल रविवार को बांसवाड़ा जिले के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर से शुरू हुई जनजाति गौरव पदयात्रा 41 किलोमीटर का सफर तय कर आज डूंगरपुर जिले में आदिवासियों की आस्था के प्रमुख स्थल बेणेश्वर धाम पर पहुच कर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया भी कुछ किलोमीटर पैदल चले और कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया वही ढोल नगाड़ों तथा परंपरागत आदिवासी गीतों से बेणेश्वर धाम की फिजा गूंज उठी। यात्रा के बेणेश्वर धाम पहुचने पर आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ओर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या सहित कार्यकर्ताओं ने सतीश पुनिया का स्वागत किया। इसके बाद सतीश पुनिया ने बेणेश्वर धाम पर पवित्र जल संगम स्थल अबुर्दरा घाट पर जल देवता का पूजन किया। साथ धकम के देवालयों में दर्शन कर पूजा अर्चना की। जनजाति गौरव यात्रा के समापन अवसर पर धाम पर जनसभा का भी आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए सतीश पुनिया ने कहा कि आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को देश की प्रथम नागरिक बनने का मौका देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के आदिवासियों का सम्मान किया है।

## कराड़ा में हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण की की अपील



**सागवाड़ा ।** ग्राम पंचायत कराड़ा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सूर्या अहारी जिला प्रमुख डुंगरपुर, ईश्वर सरपोटा प्रधान सागवाड़ा, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र कुमार परमार, बबली देवी परमार सरपंच ग्राम पंचायत कराड़ा श्याम भट्ट, दशरथ खटीक, वार्ड पंच प्रकाश चन्द्र सुथार,बकोर मराज, मुकेश बरणडा, जशोदा यादव,सीमा कटारा, ईश्वर सेवक, रमेश सुथार, नटवर पाटीदार पूर्व जि.प.स.रूपलाल सरपोटा, नाथुमराज पाटीदार, सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी के सानिध्य में पंचायत भवन से हनुमान मंदिर तक पौधेरोपन का कार्य किया गया साथ ही राजकीय एवं सार्वजनिक जगह पर 251 पौधे लगाए जायेंगे। अतिथियों को ग्राम पंचायत कराड़ा द्वारा स्वागत किया गया।

साथ ही पाटीदार समाज कराडा द्वारा साफा एवं साल ओढ़ाकर स्वागत किया प्रधान जी द्वारा राजकीय सीनियर विधालय में चाईना कार्य एवं हेंडपंप करवाने आश्वासन दिया एवं खेल मैदान खांडा मैदान समतलीकरण के लिए 10 दस लाख स्वीकृत करने की घोषणा की। संचालन ग्राम विकास अधिकारी कल्पेश जैन किया।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में सिंटेक्स तिराहे पर तेज रफ्तार बोलेरो कार ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि मृतक बाइक सवार युवक का चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली सीआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कलाल घटा निवासी तेजपाल गमेती अपने भतीजे रोहित गमेती के साथ बाइक पर कल डूंगरपुर शहर आया था।

देर शाम दोनों शहर से वापस अपने गांव कलाल घाटा लौट रहे थे। इस दौरान सिंटेक्स तिराहे के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तेजपाल और रोहित दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इधर अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर घायल तेजपाल को इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की कोटा संभागीय बैठक हुई




**कोटा।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की कोटा संभागीय बैठक अखिल ब्राह्मण महासभा,कोटा में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथीं महावीर व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री रोहित जी उपस्थिति रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रजापति, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष डॉ. अशोक शारदा, चित्तौड़ प्रांत संगठन महामंत्री दयाल प्रजापति, राष्ट्रीय बजरंग दल के चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष कपिल देव शर्मा, कोटा विभाग अध्यक्ष नरेश राजोरा,विभाग उपाध्यक्ष दीपक भुमलिया उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को केंद्रीय संगठन महामंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ व अखंड भारत संकल्प दिवस के कार्यक्रम की योजना तय हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन का विस्तार व आगामी कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा बड़ी संख्या में करने को कहा।

## अवैध शराब से भरी कार ज़ब्त

**डूंगरपुर।** जिले की साबला थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरी एक कार को जब्त किया है वही कार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

साबला थाना अधिकारी रिजवान खान ने बताया कि बीती रात उदयपुर-बांसवाड़ा रोड पर साबला बस स्टैंड के पास नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान आसपुर की तरफ से आ रही एक इनोवा कार को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। शराब परिवहन के बारे में दस्तावेज नहीं दिखाने पर पुलिस ने कार को जब्त करते हुए कार चालक तालोरा गांव निवासी तेजराम पाटीदार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार से राजस्थान निर्मित विभिन्न ब्रांड की 126 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है जिसकी बाजार में कीमत करीब सवा लाख रुपए है। गिरफ्तार कार चालक ने बताया कि उसने या शराब रीछा गांव से भरी थी और तस्करी कर गुजरात ले जा रहा था। फिलहाल आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## विधा निकेतन मधुकर परिसर सागवाड़ा में किया कन्या भारती का गठन



**सागवाड़ा।** मधुकर परिसर में सोमवार को मातृ भारती का गठन हुआ। जिसमें विद्यालय में भैया बहिनो के अभिभावकों से विचार विमर्श किया गया। जिसमें मातृ शक्ति से संस्था प्रधान ने बच्चो के बौद्धिक विकास करने पर चर्चा की। इस दौरान कन्या भारती का भी गठन किया गया। जिसमे कक्षा छः से सात तक कि भैया बहिनो को विद्यालय में विभिन्न विभागों में दायित्व सौपे गए। इस अवसर पर संस्था प्रधान जीतेन्द्र जोशी,,शीला जोशी,, नागेन्द्र शर्मा के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना कर बालिका शिक्षा प्रमुख अलका सोमपुरा ने कन्या भारती इकाई की घोषणा कर दायित्व से अवगत करवा स्वागत सम्पन्न कीया। इस अवसर पर नन्दा भट्ट,राखी भावसार, विजयलक्ष्मी भाटिया, केतना सोमपुरा,ममता पाटीदार, ख्याती भट्ट,,कमल राठौड़, हर्षद पण्ड्या,,सहित आचार्य दीदी उपस्थित रहे। आभार प्रमोद भट्ट ने माना । संस्था प्रधान जोशी ने आशीर्वचन दिया। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख नागेन्द्र शर्मा ने दी।

## बीती रात चोरो ने शहर में इलेक्ट्रोनिक शॉप का बनाया निशाना

### साढ़े 8 हजार की नगदी व हजारो का इलेक्ट्रोनिक्स का सामान हुआ चोरी

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत डूंगरपुर शहर की राजपुर घाटी के पास स्थित एक इलेक्ट्रोनिक शॉप को बीती रात चोरो ने अपना निशाना बनाया। चोर शॉप के पिछले हिस्से में शॉप के दरवाजो को कटर से काटकर अंदर घुसे और साढ़े 8 हजार की नगदी व हजारो का इलेक्ट्रोनिक्स का सामान चुरा ले गए। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करीब एक साल पहले भी चोरो ने इस दूकान में चोरी की थी जिसका पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के सीआई सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया की थाणा निवासी संजय जोशी की डूंगरपुर शहर में राजपुर घाटी के पास एक इलेक्ट्रोनिक शॉप है । बीती रात संजय शॉप को बंद करके घर गया था। आज सुबह जब संजय जोशी अपनी शॉप पर आया और शटर खोला था देखा की शॉप के पीछे वाला दरवाजा टूटा हुआ था। वही दूकान में सामान बिखरा हुआ था। वही दूकान के गल्ले से साढ़े 8 हजार की नगदी गायब थी। इसके साथ दूकान में से चोर दो इन्वर्टर, दो एलईडी, दो मिक्सी, दो पंखे, दो प्रेस और दो होम थियेटर भी चुरा कर ले गए है । जिस पर इलेक्ट्रोनिक शॉप मालिक संजय जोशी ने कोतवाली थाना पुलिस को सुचना दी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। शॉप मालिक संजय ने बताया की चोर शॉप के पीछे वाले हिस्से में कटर से लकड़ी के दरवाजे को काटकर व तोडकर अंदर घुसे है। शॉप मालिक ने चोरी हुए सामान व नगदी की रिपोर्ट कोतवाली थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर इससे पहले करीब एक साल पहले भी इसी शॉप को चोरो ने निशाना बनाया था।

## मोकड्रिल – फायर ब्रिगेड 20 मिनिट व एम्बुलेंस पहुंची सुचना के 30 मिनिट बाद

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर से सटे कुशालमगरी क्षेत्र में स्थित गैस गोदाम में ब्लास्ट व बलास्ट में 2 कार्मिको की मौत की सुचना से हडकंप मच गया। जब अधिकारी मौके पर पहुंचे तो मामला मोकड्रिल का निकला और अधिकारियो ने राहत की सांस ली। मोकड्रिल के जरिये प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस व अन्य विभागों की सतर्कता को परखा गया। जिसमे डूंगरपुर तहसीलदार सुचना के 3 मिनिट में मौके पर पहुँच गए लेकिन फायर ब्रिगेड 20 मिनिट व एम्बुलेंस सुचना के 30 मिनिट बाद मौके पर पहुंची। डूंगरपुर जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव व एसपी राशि डोगरा की ओर से भविष्य में अकस्मात घट सकने वाली विपरीत एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए आज एक मोकड्रिल की गई। जिसमे कण्ट्रोल रूम में दोपहर 12 बजकर 17 मिनिट पर डूंगरपुर शहर से सटे कुशालमगरी स्थित गैस गोदाम में ब्लास्ट व ब्लास्ट में दो कार्मिको की मौत की सुचना दी गई। कण्ट्रोल रूम को सुचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, फायर ब्रिगेड एम्बुलेंस सहित अन्य विभागों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य के लिए सुचना दी गई। इधर गैस गोदाम में ब्लास्ट की सुचना पर शहरभर में हडकम्प मच गया। लेकिन जैसे ही मौके पर अधिकारी पहुंचे तो पता चला की मामला मोकड्रिल का है। तब अधिकारियो ने राहत की सांस ली। ब्लास्ट की सुचना पर सबसे पहले 12 बजकर 20 मिनिट पर डूंगरपुर तहसीलदार संजय चरपोटा पहुंचे वही 12 बजकर 25 मिनिट पर एसडीएम डूंगरपुर प्रवीण मीणा पहुंचे। वही इस मोकड्रिल में फायरब्रिगेड व एम्बुलेंस की लेटलतीफी सामने आई। सुचना के 20 मिनिट बाद नगरपरिषद की फायरब्रिगेड की गाडी पहुंची और 30 मिनिट बाद जाकर एम्बुलेंस आई। इधर इस मौके पर कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव व एसपी राशि डोगरा ने बताया की भविष्य में अकस्मात घट सकने वाली विपरीत एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए मोकड्रिल करवाई गई थी। जिसमे विभागों की तत्परता को परखा गया है। उन्होंने बताया की जो सुचना मिलने के बाद लेट आये है उन्हें ऐसी घटनाओं को लेकर हमेशा तत्परता बरतने के लिए पाबन्द किया जाएगा और जो कमिया रही है उन्हें दूर किया जाएगा।

## एक दिन से लापता महिला का कुए में मिला शव

### दो बच्चो के सिर से उठा मां का आंचल, पुलिस कर रही मामले की जांच

**सागवाडा।** डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के पाडवा गाँव में लापता महिला का शव कुए में मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। महिला रविवार सुबह से घर से लापता थी। पुलिस ने सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में शव रखवाया है। मृतका के दो बच्चे है वही पति गुजरात में चालक है। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच में जुटी है। डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाने के थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया की पाडवा गाँव निवासी 38 वर्षीय हन्तोक पत्नी कमलेश बुनकर गाँव में अपने दो बच्चो के साथ रहती थी। उसका पति कमलेश बुनकर गुजरात में चालक का काम करता था। उन्होंने बताया की रविवार सुबह से हन्तोक बुनकर लापता थी। जिसकी परिजन तलाश कर रहे थे। आज शाम को घर के पास स्थित कुए के बाहर हन्तोक की चप्पल पड़ी हुई थी। जिस पर परिजनों ने कुए में देखा तो हन्तोक का शव पड़ा हुआ था। परिजनों ने मामले की सुचना सागवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर सागवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों से ली। इसके बाद सागवाडा थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से महिला के शव को कुए से बाहर निकाला। वही पुलिस ने शव को कुए से बाहर निकलवाकर सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मृतका के पीहर पक्ष को भी मामले की सुचना दी है। सागवाडा थाने के थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम की कार्रवाई कल करवाई जायेगी। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतका हन्तोक के दो बच्चे है जिसमे। साल की लड़का और 11 साल की एक बेटी है। हन्तोक की मौत के बाद दोनों बच्चो के सिर से माँ का आंचल उठ गया है।

## हॉस्टल पर ताला लगाकर चली गई वार्डन और चौकीदार

### गर्ल्स की तबियत बिगड़ी तो फ्रेंड्स ने छत पर चढ़कर मचाया शोर, समाजसेवी के साथ सरपंच ने ताला तोड़कर पहुंचाया हॉस्पिटल



**सीमलवाडा।** बांसिया के गर्ल्स हॉस्टल पर वार्डन ताला लगाकर चली गई। उसके साथ ही चौकीदार भी गायब हो गया। रात के समय एक गर्ल्स की तबियत बिगड़ गई तो फ्रेंड्स ने छत पर चढ़कर शोर मचाया। लोग दौड़कर आए और हॉस्टल के गेट पर लगा ताला तोड़कर बीमार गर्ल्स को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। वही वार्डन की लापरवाही पर लोगों में जबर्दस्त आक्रोश है। लोगो ने वार्डन को हटाने की मांग की है। गवर्मेंट गर्ल्स हॉस्टल बांसिया में रविवार शाम को वार्डन कलावती मनात, चौकीदार दशरथ बरंडा सभी मैन गेट पर ताला लगाकर चले गए। हॉस्टल के अंदर 75 गर्ल्स अकेली थी। रात के समय एक गर्ल्स की अचानक तबियत बिगड़ गई। लेकिन हॉस्टल में वार्डन और चौकीदार के नही होने से गर्ल्स मदद भी नही मांग सकी। इसके बाद फ्रेंड्स हॉस्टल की छत पर चढ़ी और मदद के लिए चिल्लाने लगी। इस पर समाजसेवी गुणवंत कलाल, उपसरपंच देविका डामोर, रमण डामोर समेत हॉस्टल में खाना बनाने वाली महिलाएं पहुंच गई। हॉस्टल के गेट पर ताला लगा था। इस पर लोगो ने ताला तोड़ दिया। बीमार गर्ल्स को समाजसेवी गुणवंत की गाड़ी से सीमलवाड़ा हॉस्पिटल लेकर गए और इलाज करवाया। वही हॉस्टल में वार्डन कलावती मनात, चौकीदार दशरथ बरंडा के नदारद रहने पर आक्रोश जताया। लोगो ने एसडीएम, तहसीलदार को इस घटना की सूचना दी। पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार ने पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा को भी बताया ओर कलेक्टर को अवगत करवाया। घटना की सूचना पर टीएडी के अधिकारी रणछोड़लाल डामोर हॉस्पिटल पहुंचे और बीमार स्टूडेंट के बारे तबियत पूछी। लोगो ने बताया की करीब घंटेभर बाद चौकीदार दशरथ नशे की हालत में आया। इस पर हॉस्टल गर्ल्स के साथ लोगो ने आक्रोश जताया। लोगो ने हॉस्टल के वार्डन समेत सभी स्टाफ को हटाने की मांग की। वही टीएडी अधिकारी के हॉस्टल आने पर चौकीदार दशरथ मौके से भाग गया। लोगो ने बताया की वार्डन कलावती मनात बिना बताए प्राइवेट काम से उदयपुर चली गई है। हॉस्टल में आए दिन ऐसे हाल रहते है। इससे गर्ल्स को परेशानी होती है। लोगो ने वार्डन और चौकीदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।